# फ्रीगंज के पुराने ब्रिज का भविष्य अधर में लटका, टूटेगा या बचेगा, रेलवे लेगा अंतिम फैसला

- **नए फोर-लेन ब्रिज का निर्माण तेजी से शुरू**
- **सिंहस्थ मेला अधिकारी ने स्पॉट मीटिंग शुरू की**

**नव भारत न्यूज़**

**उज्जैन।** शहर के सबसे पुराने और ऐतिहासिक अंग्रेजों के जमाने के करीब 100 साल पुराने फ्रीगंज रेलवे ब्रिज को लेकर अब फैसले की घड़ी नजदीक आती जा रही है। ब्रिज बचेगा या टूटेगा,इस पर रेलवे ही अंतिम निर्णय लेगा।इधर सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने स्पॉट मीटिंग का निर्णय लिया है जो गुरुवार से शुरू कर दी गई है। इसी बीच इसके समानांतर बन रहे नए फोर-लेन ब्रिज के कार्यों में तेज़ी आ गई है।

**दिग्गज प्रशासनिक टीम ने किया दौरा**–गुरुवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ,उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ,नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ,यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित सेतु निगम के ई ई पीएस पन्थ व वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्माणाधीन ब्रिज का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्थल पर किए जा रहे प्रारंभिक कार्यों, बोरिंग, मिट्टी हटाने, पिलर निर्माण और सुरक्षा उपायों का आकलन किया।



**सिंहस्थ में बेहद महत्वपूर्ण नया ब्रिज**–अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्रिगंज का नया ब्रिज उज्जैन की सबसे अहम परियोजनाओं में से एक होगा। लाखों श्रद्धालुओं और साधु-संतों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए इस नए मार्ग का विशेष महत्व है।

**58 करोड़ का ठेका**–अहमदाबाद की चेतन कंस्ट्रक्शन कंपनी को यह निर्माण कार्य 58 करोड़ रुपए में आवंटित किया गया है।

कंपनी ने मौके पर बोरिंग का काम पूरा कर लिया है ।साइट क्लीयरिंग शुरू हो चुकी है,पिलर खड़े होने लगे हैं ।निर्माण की गति और बढ़ाई जा रही है।

**एक भुजा टावर तक दूसरी मक्सी रोड तक**– इस फोर लाइन फ्रीगंज के नए ब्रिज के दोनों सिरों पर चौराहे विकसित किए जाएंगे। साथ ही एक सिरे का टावर चौक की ओर बनाया जाएगा, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आवागमन सुगम बनेगा। दूसरा सिर सिर्फ टू लाइन का होगा जो मक्सी रोड रोटरी तक जाएगा।

**पुराने और नए शहर को जोड़ेगा**– नवभारत से चर्चा में सेतु निगम के कार्यपालन नियंत्रक पीएस पन्थ ने बताया कि यह फोर-लेन ब्रिज सिंहस्थ 2028 के लिए मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। इससे ट्रैफिक का बोझ कम होगा और शहर को एक नई दिशा मिलेगी। पुराने और नए शहर को यह ब्रिज जोड़ेगा।

### पुराने ब्रिज पर निर्णय जल्द

सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि सभी की निगाहें अब रेलवे पर टिकी हैं, क्योंकि पुराना फ्रीगंज ब्रिज संरक्षित रहेगा या हटाया जाएगा—इस पर अंतिम फैसला वही लेंगे, प्रशासनिक स्तर पर निरीक्षण जारी है और जल्द स्थिति स्पष्ट हो सकती है।हालांकि कि सिंहस्थ 2028 तक पुराना ब्रिज जो की अंग्रेजों के जमाने का है वह यथावत रहेगा ,सिंहस्थ बाद ही तोड़ने या न तोड़ने पर निर्णय लेंगे।

### कैसा होगा नया ब्रिज

चामुंडा माता चौराहे से यह फ्रीगंज का नया ब्रिज प्रारंभ होगा जो कि 21.40 मीटर का ये फोरलेन ब्रिज होगा।नगर वन के पास से गुजरते हुए पुराने फ्रीगंज ब्रिज के समानांतर विनोदालय के सामने से होता हुआ कुष्ठ बस्ती से आगे तक ये ब्रिज बनता हुआ जाएगा।

## पेज एक का शेष

# इंडेक्स मेडिकल कॉलेज पर ईडी की रेड

सूत्रों के अनुसार ईडी को कॉलेज के वित्तीय लेन-देन और मान्यता प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी पुष्टि के लिए यह कार्रवाई की गई. इसी कॉलेज से जुड़ी मान्यता प्रक्रिया पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं. सीबीआई की प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि मेडिकल निरीक्षण को प्रभावित करने के लिए रसूख और पैसों का इस्तेमाल किया. इसी मामले में तीन डॉक्टरों सहित छह लोगों की गिरफ्तारी की गई थी. जांच एजेंसियों के मुताबिक मान्यता रिपोर्ट अनुकूल कराने के लिए हवाला के माध्यम से बड़ी रकम का लेन-देन हुआ था. सूत्रों का कहना है कि जांच में यह भी सामने आया कि कॉलेजों की मान्यता दिलाने के लिए दलालों और कॉलेज प्रबंधन के बीच एक नेटवर्क सक्रिय था. आरोप है कि इंडेक्स मेडिकल कॉलेज की फाइलें भी इसी चैनल से गुजरती थीं, जहां हर निरीक्षण के बदले भारी रकम देने की डील तय की जाती थी. कॉलेज के वित्तीय लेन-देन और कई संदिग्ध भुगतानों का रिकॉर्ड ईडी ने प्राथमिक जांच में चिन्हित किया था, जिसके आधार पर गुरुवार की कार्रवाई की गई है.

### 15 स्थानों पर ईडी कर रही सर्च...

सूत्रों का कहना है कि ईडी ने इसी केस से जुड़े दस्तावेजों की पुष्टि के लिए देशभर में करीब 15 स्थानों पर भी सर्च की है, जबकि सीबीआई पिछले महीनों में छह राज्यों में 40 से अधिक ठिकानों पर रेड कर चुकी है. दोनों एजेंसियों को इन कार्रवाइयों से डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्यों की बड़ी मात्रा मिली है, जिनसे मान्यता घोटाले की पूरी चेन स्पष्ट हो रही है. ईडी की टीम देर शाम तक इंडेक्स मेडिकल कॉलेज में ही मौजूद रही और दस्तावेजों की जांच जारी है

### एसआईआर को लेकर विधायक सिकरवार का आरोप, मेरे नाम में ही गड़बड़ी

**ग्वालियर.** पूर्व विधानसभा (16) के कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए. स्वयं विधायक का नाम भी गलत विधानसभा में दर्ज दिख रहा है. विधायक सिकरवार ने बताया कि जब उन्होंने निर्वाचन मतदाता केंद्र से जानकारी ली, नाम 15 नंबर ग्वालियर विधानसभा में दर्ज दिखाया जा रहा है, जबकि वे 16 ग्वालियर पूर्व के विधायक हैं. उन्होंने कहा कि वार्ड 57 के कई मतदाताओं के नाम भी गलत क्षेत्रों में दिख रहे हैं.

# पुलिस के झूठे हलफनामे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

- **एडीसीपी और टीआई को बनाया पक्षकार**
- **पुलिस कमिश्नर की भूमिका पर भी सवाल**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर, 27 नवम्बर. पुलिस द्वारा एक जमानत मामले में गलत और भ्रामक हलफनामा पेश किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है.**

कोर्ट ने एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल को सीधे तौर पर पक्षकार बनाते हुए कहा कि मामला पुलिस की विश्वसनीयता से जुड़ा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता. सुनवाई अब 9 दिसंबर को होगी.



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनाज के अवैध भंडारण के मामले में आरोपी अनवर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने इंदौर पुलिस के हलफनामे में गंभीर त्रुटियां मिलने पर सख्त टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा कि 4 नवंबर को मांगे गए जवाब में पेश किया हलफनामा विश्वास को ठेस पहुंचाने वाला है और इससे पुलिस के आचरण पर सीधा सवाल उठता है. पुलिस की ओर से दाखिल हलफनामे में आठ आपराधिक मामलों का हवाला दिया था, जिनमें से चार में अनवर हुसैन आरोपी ही नहीं है. एक केस में तो गलत तरीके से उसे रेप का आरोपी बताया गया.

# कांग्रेस के कार्यकाल में भी हुई थी एसआईआर

## कांग्रेस जवाब दे एसआईआर कराने वाले नेहरू व इंदिरा गांधी गलत थे क्या

**भोपाल, 27 नवंबर.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं था.



कांग्रेस आजादी के आंदोलन के समय एक अंग्रेज द्वारा बनाया गया एक मंच था, जिसमें सभी विचारधारा के लोग शामिल होकर देश को आजाद कराने का कार्य कर रहे थे. देश के आजाद होने के बाद महात्मा गांधी कांग्रेस को समाप्त करना चाहते थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता के लिए इसका उपयोग किया.

> खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा अपने गठन के समय से लेकर आज तक एक विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है. भाजपा ने अपने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया. कार्यकर्ता आधारित भाजपा संगठन आज भी अपनी विचाधारा पर अडिग है. एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आवश्यक है.

NIMAR INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY & SCIENCE, BORAWAN

(Approved by M.P. Higher Education, AICTE New Delhi, Affiliated to Krantisurya Tantya Bheel University, Khargone)
Vidya Vihar, Post: Borawan, Tehsil- Kasrawad,
Dist: Khargone (M.P.) 451228
Contact No. - 9479583873,9826535233,
E-mail- niitkhargone@gmail.com

FACULTY RECRUITMENT
NIITS College invites applications for following posts
PRINCIPAL/PROFESSOR /ASSOCIATE / ASSISTANT PROFESSOR
Course: BCA (Bachelor Of Computer Application)
Qualification for all above shall be Strictly as per latest UGC and College Code 28 norms of Krantisurya Tantya Bheel University, Khargone. Pay Scale as per UGC norms.

Apply within 10 days either by e-mail at niitkhargone@gmail.com or by post to: The Secretary, Nimar Institute of Information Technolgy & Science, Borawan, Teh. Kasrawad, Dist. Khargone (M.P.) 451228

Hero
VIDA
घर-घर EVOOTER
VIDA VX2 | बदलते INDIA का स्कूटर




REMOVABLE BATTERIES
CONVENIENCE OF INDOOR CHARGING
VIDA | BaaS
BATTERY AS A SERVICE
5-YEAR COMPREHENSIVE WARRANTY**
4600+ FAST CHARGING STATIONS
600+ OUTLETS
FOR SALES AND SERVICE

STARTING @JUST ₹84 990*/-
(EXCLUDING STATE SUBSIDY)
WITH BaaS @JUST ₹44 990*/-
& PER KM COST ₹1.24

Hero MotoCorp Limited (CIN: L35911DL1984PLC017354)

Additional benefits available: extended battery warranty (up to 5 years/60k kms for VX2 Plus & 5 years/50k kms for VX2 Go); warranty on critical components up to 5 years/75k kms; access to the fast-charging network & MY VIDA App during the BaaS period; option to avail assured buyback of up to 67.5% of the effective showroom price of the VX2 series. *Limited-period offer. T&C apply. BaaS offer is subject to the terms & conditions of respective financiers. **Visit us at: www.vidaworld.com**

Visit us in **INDORE:** Geetan Bhawan, A.B. Road - MEHTA AUTOMOBILES, 9039091414 | Airport Road - V.N. MOTORS, 7428443917 | Bhawarkua - SAPNA SANGEETA MOTORS, 7428443983 | Malwa Mill - SAPNA SANGEETA MOTORS, 7428443983 | Lakshya Automobiles, 092899 23176 | **DEWAS:** KHURANA MOTORS, 080-48247251 | **DHAR:** SAKSHI AUTOMOBILES, 09289922618 | Raghuanshi Automobiles, 092899 23047 | Annapurna Motors, 092899 22749 | **UJJAIN:** KSHIPRA HERO, 080-48247259| Lohia Motors , 092899 22718 | **SHAJAPUR:** BABA AUTOMOBILES, 080-48247258 | **KHARGONE:** NIMAR MOTORS, 09289922378 | **BARWANI:** SHARMA MOTORS, 9893522621 | **KHANDWA:** THAKKAR AUTOMOBILES, 09289923018 | **JAORA:** Reliable Automobiles, 092899 23045 | **BURHANPUR:** SHREEJI MOTORS, 09289922372 | **RATLAM:** Excellent Automobiles, 092899 22832 | **MANDSAUR:** RAMDARSHAN MOTORS, 7428294405 | **JHABUA:** NAKODA AUTOMOBILES, 080-48247254

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60